गुदा रोग के उपचार से संबंधित निःशुल्क कार्यशाला 8 व 9 अक्टूबर को

नीमच, 06 अक्टूबर (नप्र)। गुदा रोग जैसे पाइल्स, फिस्टुला (भगन्दर), फिशर एवं पिलोनीडल साइनस जैसे रोगों से पीड़ित नीमच की जनता के लिए लेजर पद्धति (बिना दर्द और बिना चीरफाड़) द्वारा उपचार हेतु निशुल्क वर्कशॉप वीरेंद्र कुमार साखलेचा मेडिकल कॉलेज से संबंधित जिला अस्पताल में आयोजित की जा रही है। इसमें गुदा रोग जैसे फिस्टुला, पाइल्स, फिशर, पिलोनाइडल साइनस के उपचार हेतु 'अत्याधुनिक लेजर मशीन' से ऑपरेशन की बारीकियां बताई जाएंगी। यह सीएमई मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया (सर्जन) के मार्गदर्शन में आयोजित की जायेगी एवं 8 से 10 ऑपरेशन किये जायेंगे। सर्जरी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. बृजेंद्र स्वरूप ने बताया कि सभी ऑपरेशन डॉ. अरविन्द घनघोरिया डीन द्वारा किये जायेंगे, ज्ञात रहे कि डॉ. घनघोरिया लेजर पद्धति के सुविख्यात सर्जन है मशीन नई दिल्ली से 2 दिवस के लिये नीमच आ रही है। कार्यशाला में नीमच शहर के सभी सर्जन्स को लेजर की बारीकियां सिखाई जायेगी। ये वर्कशॉप मंगलवार एवं बुधवार को समय प्रातः 9 से 3 बजे तक आयोजित की जायेगी, लेजर पद्धति से ऑपरेशन का निःशुल्क लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन सोमवार प्रातः 9 बजे से ओपीडी कमरा न. 6 में शुरू हो जाएंगे। ऑपरेशन में पहले रजिस्ट्रेशन कराने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी । ये जानकारी मेडीकल कॉलेज के डॉ. निशांत गुप्ता ने दी।

12वीं के बाद बिना बीएड के बनें शिक्षक, बस करना होगा ये काम

नई दिल्ली। भारत में शिक्षक बनने के लिए बीएड की डिग्री हासिल करना जरूरी है। लेकिन कई लोग हैं जो ये डिग्री हासिल नही कर पाते है। ऐसे में वे शिक्षक नहीं बन पाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि